भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग
**भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान**
[वि.अ.आयोग अधिनियम 1956 की धारा 3 के अधीन मानित विश्वविद्यालय घोषित]
भारत सरकार,अंतरिक्ष विभाग, तिरुवनंतपुरम - 695 547

## शैक्षिक वर्ष 2023-2024 के एम. टेक. एवं विज्ञान निष्णात कार्यक्रमों के लिए प्रवेश सूचना

भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान भारत सरकार के अंतरिक्ष विभाग के तहत एक स्वायत्त शैक्षिक संस्था के रूप में वर्ष 2007 में स्थापित किया गया है। आईआईएसटी का लक्ष्य है (क)प्रतिभाशाली छात्रों को आकर्षित करना, (ख) उच्च शैक्षिक मानकों को सुनिश्चित करनेवाली प्रणाली स्थापित करना, (ग) अंतरिक्ष विज्ञान, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी से जुड़े हुए क्षेत्रों एवं अन्य संबंधित क्षेत्रों में नवप्रवर्तनकारी अनुसंधान को सक्रियता से प्रोत्साहित करना ।

संस्थान के शैक्षिक वर्ष 2023-2024 के निम्नलिखित स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| कार्यक्रम कोड | विभाग | शाखा का नाम | शैक्षिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| MAE01 | वांतरिक्ष इंजीनियरी - केवल गेट स्कोर के आधार पर चयन | थर्मल ऐन्ड प्रोपल्षन | (i)वांतरिक्ष इंजीनियरी, वैमानिक इंजीनियरी, यांत्रिक इंजीनियरी, रासायनिक इंजीनियरी में बी. टेक या समतुल्य उपाधि<br>(ii)वांतरिक्ष इंजीनियरी या यांत्रिक इंजीनियरी या रासायनिक इंजीनियरी में वैध गेट स्कोर |
| MAE02 | | एयरोडायनामिक्स ऐन्ड फ्लाईट मेकानिक्स | |
| MAE03 | | स्ट्रक्चेर्स ऐन्ड डिसाईन | (i)वांतरिक्ष इंजीनियरी, वैमानिक इंजीनियरी, यांत्रिक इंजीनियरी, सिविल इंजीनियरी, उत्पादन इंजीनियरी मेकाट्रॉनिकी में बी. टेक या समतुल्य उपाधि<br>(ii)वांतरिक्ष इंजीनियरी या यांत्रिक इंजीनियरी या सिविल इंजीनियरी में वैध गेट स्कोर |
| MAV01 | एविओनिकी- केवल गेट स्कोर के आधार पर चयन | आरएफ ऐन्ड माइक्रोवेव इंजिनीयरिंग | (i) इलेक्ट्रोनिकी एवं संचार में बी. ई. / बी. टेक या समतुल्य उपाधि<br>(ii)इलेक्ट्रोनिकी एवं संचार इंजीनियरी में वैध गेट स्कोर |
| MAV02 | | डिजिटल सिग्नल प्रोससिंग | (i) इलेक्ट्रोनिकी एवं संचार इंजीनियरी में बी. ई./ बी. टेक या समतुल्य उपाधि<br>(ii)इलेक्ट्रोनिकी एवं संचार इंजीनियरी / यंत्रीकरण इंजीनियरी / विद्युत इंजीनियरी में वैध गेट स्कोर |

| | | | |
|---|---|---|---|
| MAV03 | | वीएलएसआई ऐन्ड माइक्रोसिस्टम्स | (i) इलेक्ट्रोनिकी एवं संचार / इलेक्ट्रोनिकी एवं यंत्रीकरण इंजीनियरी में बी. ई./ बी. टेक या समतुल्य उपाधि<br>(ii) इलेक्ट्रोनिकी एवं संचार इंजीनियरी / यंत्रीकरण इंजीनियरी / विद्युत इंजीनियरी में वैध गेट स्कोर |
| MAV04 | | कंट्रोल सिस्टम्स | (i) विद्युत इंजीनियरी / इलेक्ट्रोनिकी एवं संचार / यंत्रीकरण में बी. ई. /बी. टेक या समतुल्य उपाधि<br>(ii)इलेक्ट्रोनिकी एवं संचार इंजीनियरी/यंत्रीकरण इंजीनियरी/ विद्युत इंजीनियरी में वैध गेट स्कोर |
| MAV05 | | पावर इलेक्ट्रोनिक्स | (i) विद्युत इंजीनियरी / इलेक्ट्रोनिकी एवं संचार इंजीनियरी/ यंत्रीकरण में में बी. ई. /बी. टेक या समतुल्य उपाधि<br>(ii)विद्युत इंजीनियरी में वैध गेट स्कोर |
| MMA01 | गणित - केवल गेट स्कोर के आधार पर चयन | मशीन लर्निंग ऐन्ड कंप्यूटिंग | (i)गणित या अनुप्रयुक्त गणित / सांख्यिकी / कंप्यूटर विज्ञान/ गणित एवं अभिकलन में एम. एससी / एम.एस. / बी.एस- एम.एस. या समतुल्य उपाधि<br>या<br>(ii)एविओनिकी/ कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरी/ इलेक्ट्रोनिकी एवं संचार इंजीनियरी / विद्युत इंजीनियरी / विद्युत एवं इलेक्ट्रोनिकी इंजीनियरी/ सूचना प्रौद्योगिकी/ इलेक्ट्रोनिकी एवं दूरसंचार इंजीनियरी में बी.ई / बी. टेक या समतुल्य उपाधि<br>(ii)गणित/ सांखिकीय/ कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी/ इलेक्ट्रोनिकी एवं संचार इंजीनियरी/विद्युत इंजीनियरी में वैध गेट स्कोर |
| MCH01 | रसायन - केवल गेट स्कोर के आधार पर चयन | मेटीरियल्स साइन्स ऐन्ड टेक्नोलॉजी | (i)बहुलक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी / रासायनिक इंजीनियरी / रबड़ प्रौद्योगिकी /धातुकर्म इंजीनियरी/ पदार्थ विज्ञान / पदार्थ विज्ञान एवं धातुकर्म इंजीनियरी / यांत्रिक इंजीनियरी / उत्पादन इंजीनियरी/ उत्पादन एवं उद्योग इंजीनियरी/प्लास्टिक प्रौद्योगिकी में बी. ई. / बी. टेक या समतुल्य उपाधि |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | या<br>रसायन (सभी शाखाएँ) /भौतिकी / पदार्थ विज्ञान / नैनोविज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में एम. एससी./एम. एस.या समतुल्य उपाधि<br>(ii)इंजीनियरी विज्ञान/ रसायन विज्ञान/ धातुकर्मीय इंजीनियरी/ यांत्रिक इंजीनियरी/ उत्पादन एवं औद्योगिक इंजीनियरी/रसायन/भौतिकी में वैध गेट स्कोर |
| MPH01 | भौतिकी - केवल गेट स्कोर के आधार पर चयन | ऑप्टिकल इंजीनियरिंग | (i) इलेक्ट्रोनिकी / विद्युत इंजीनियरी / इलेक्ट्रोनिकी एवं संचार इंजीनियरी / यांत्रिक इंजीनियरी /कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरी/ इंजीनियरी भौतिकी में बी. ई. / बी. टेक. या समतुल्य उपाधि।<br>या<br>भौतिकी / अनुप्रयुक्त भौतिकी में एम.एस.सी/ एकीकृत भौतिकी में एम.एस.<br>(ii) इलेक्ट्रोनिकी एवं संचार/ विद्युत / यांत्रिक इंजीनियरी/ भौतिकी/ कंप्यूटर विज्ञान / सूचना इंजीनियरी में वैध गेट स्कोर |
| MPH02 | | क्वांटम टेक्नोलॉजी | i) इलेक्ट्रोनिकी / विद्युत इंजीनियरी / इलेक्ट्रोनिकी एवं संचार इंजीनियरी / इंजीनियरी भौतिकी / कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरी / भौतिक विज्ञान में बी. ई. / बी. टेक. या समतुल्य उपाधि।<br>या<br>भौतिकी / अनुप्रयुक्त भौतिकी / फोटोनिकी में एम.एस. सी/ एकीकृत भौतिकी या संबंधित क्षेत्रों में एम. एस.<br>(ii) इलेक्ट्रोनिकी एवं सूचना इंजीनियरी/ विद्यूत इंजीनियरी/ भौतिकी/ कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी में वैध गेट स्कोर |
| MES01 | पृथ्वी एवं अंतरिक्ष विज्ञान- केवल गेट स्कोर एवं ऑनलाइन | एर्थ सिस्टम साइन्स | (i) वांतरिक्ष इंजीनियरी, वैमानिक इंजीनियरी, यांत्रिक इंजीनियरी, रासायनिक इंजीनियरी, सिविल इंजीनियरी, एविओनिकी, इलेक्ट्रोनिकी एवं संचार इंजीनियरी, विद्युत इंजीनियरी, |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | साक्षात्कार के आधार पर चयन | | इलेक्ट्रोनिकी एवं विद्युत इंजीनियरी, भौतिक विज्ञान, इंजीनियरी विज्ञान, इंजीनियरी भौतिकी में बी ई./ बी. टेक या समतुल्य उपाधि।<br>या<br>भौतिकी / गणित में एम.एस.सी. / एकीकृत भौतिकी / पृथ्वी विज्ञान में एम.एस.<br>(ii)वांतरिक्ष इंजीनियरी/ सिविल इंजीनियरी/ रसायन इंजीनियरी/ इलेक्ट्रोनिक एवं संचार इंजीनियरी/ विद्युत इंजीनियरी/ यांत्रिक इंजीनियरी/ इंजीनियरी विज्ञान/ भौतिकी/ गणित में वैध गेट स्कोर |
| MES02 | पृथ्वी एवं अंतरिक्ष विज्ञान-केवल गेट स्कोर के आधार पर चयन | जियोइन्फोर्मेटिक्स | (i)इंजीनियरी के किसी भी शाखा में बी.ई./ बी.टेक या स्नातक स्तर पर गणित विषय के साथ विज्ञान के किसी भी क्षेत्र में एम.एस.सी की उपाधि<br>(ii)कृषि विज्ञान/ वास्तुकला एवं योजना /सिविल इंजीनियरी/ कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी/ विद्युत इंजीनियरी/ इलेक्ट्रोनिकी एवं संचार इंजीनियरी/ इंजीनियरी विज्ञान/ पर्यावरण विज्ञान एवं इंजीनियरी/ जियोमैटिक्स इंजीनियरी/ भूविज्ञान एवं भूभौतिकी/ गणित/ खनन इंजीनियरी/ भौतिकी में वैध गेट स्कोर |
| MES03 | पृथ्वी एवं अंतरिक्ष विज्ञान-केवल गेट स्कोर एवं ऑनलाइन साक्षात्कार के आधार पर चयन | मास्टर ऑफ साइन्स इन अस्ट्रॉनमी ऐन्ड अस्ट्रोफिसिक्स | (i) किसी भी शाखा में बी.ई/ बी.टेक या समतुल्य उपाधि<br>या<br>भौतिकी, अंतरिक्ष भौतिकी, अंतरिक्ष विज्ञान, अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में विज्ञान निष्णात / एम.एससी।<br>ii) निम्नलिखित में से किसी एक में वैध गेट स्कोर:<br>भौतिकी/ इलेक्ट्रोनिकी एवं संचार इंजीनियरी/ विद्युत इंजीनियरी/ यंत्रीकरण इंजीनियरी/ इंजीनियरी विज्ञान<br>इंजीनियरी विज्ञान में निम्नलिखित में से कम से कम एक पेपर होना चाहिए- तरल यंत्रिकी, पदार्थ |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | विज्ञान, ऊष्मागतिकी, वायुमंडलीय एवं समुद्र विज्ञान<br><br>या भौतिकी में जेस्ट स्कोर |

1. **आयु सीमा:- 02.05.2023 के अनुसार 32 वर्ष।** अ.जा./ अ.ज.जा/दिव्यांग व्यक्ति(पी डी) वर्ग के लिए भारत सरकार के आदेशों के अनुसार आयु में छूट है।
2. **शैक्षिक योग्यता एवं पात्रता** :- सामान्य / अन्य पिछडे वर्ग एवं आर्थिक रूप से पिछडे वर्ग के लिए न्यूनतम 60%अंक या 10 में से 6.5 सीजीपीए और अ.जा. / अ.ज.जा /दिव्यांग व्यक्ति (पी डी) वर्ग के लिए न्यूनतम 55% अंक या 10 में से 6.0 सीजीपीए के साथ बी. ई. / बी. टेक./विज्ञान निष्णात या समतुल्य उपाधि । संबंधित क्षेत्र में यथास्थिति वैध गेट / जेस्ट स्कोर अनिवार्य हैं।
3. जब अंक तालिका/प्रमाण पत्र में सीजीपीए एवं समतुल्य प्रतिशत दोनों दिए जाते हैं, तो पात्रता के लिए सिर्फ सीजीपीए पर ही विचार किया जाएगा।

**<u>शुल्क संरचना</u>:**

| **शुल्क का विवरण** | **राशि** (Rs.) |
|---|---|
| ट्यूशन शुल्क (*)/ सत्रक | Rs.35000(*****) |
| इतर शुल्क / सत्रक | Rs.5450 |
| **कुल शुल्क** (**क**) | **Rs.40450** |
| होस्टल शुल्क / सत्रक | Rs.8750 |
| प्रवेश शुल्क (अ प्रतिदेय) (एक बार) | RS.1500 |
| जमानत राशि (प्रतिदेय)(एक बार) | Rs.5000 |
| **कुल शुल्क (ख)** | **Rs.15250** |
| कुल योग पहला सेमस्टर (क+ख) | **Rs.55700** |
| दुसरे सेमस्टर से (**क**+**ख** - एक बार ) | **Rs.49200** |
| अगिम रूप से मेस बिल / (संस्थान में अध्ययन आरंभ करने के बाद कैंटीन सेवाओं में भुगतान करे) | Rs.18000 **(#)** |

**नोट करें:**

- **जो उम्मीद्वाए सीट की पुष्टि करते हैं, उन्हें सीट स्वीकृति शुल्क (इतर शुल्क और होस्टल शुल्क) के रूप में रु. 14200/- का शुल्क जमा करना होगा**
- **शेष शुल्क बाद में एकत्रित किया जाएगा, जिसकी सूचना ईमेल के माध्यम से दी जाएगी।**

- **(#) परिसर में जब छात्र प्रत्यक्ष रूप से रिपोर्ट करते हैं तब कैंटीन सेवाओं में सीधे मेस शुल्क का अग्रिम भुगतान करना होगा।**
- **अतिरिक्त शुल्क: अंतिम सेमेस्टर शुल्क के साथ पूरक परीक्षा शुल्क - 100 / - प्रति पेपर और शोध प्रबंध प्रस्तुती - 1000 / - और दीक्षांत समारोह शुल्क - 2000 / - एवं पूर्व छात्र पंजीकरण शुल्क - 500 / - एकत्रित किया जाएगा।**

**<u>सामान्य शर्ते :-</u>**

1. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन देने के लिए पात्र है ।
2. ऑनलाइन द्वारा प्राप्त आवेदनों पर ही किसी भी स्थिति में संसाधन के लिए विचार किया जाएगा ।
3. आवेदक शाखा पंजीकरण प्रस्तुत करने से पहले आवेदन में परिवर्तन कर सकते हैं। एक बार शाखा पंजीकरण प्रस्तुत करने के बाद कोई परिवर्तन नहीं किया जा सकता है ।
4. जो आवेदक एक से अधिक कार्यक्रमों में आवेदन देना चाहते हैं, उन्हें वरीयता के आधार पर अपने पसंदीदा स्नातकोत्तर कार्यक्रम आवेदन देते वक्त ही अंकित करना होगा।
5. आवेदक एक ही विभाग के अंदर या सभी विभागों को मिलाकर अधिकतम **पांच** वरीयताएं ही चुन सकते हैं। एक बार दिया गया विकल्प अंतिम माना जाएगा।
6. अनु. जा. / अ.ज.आ. /अन्य पिछडे वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर)/आर्थिक रूप से पिछडे वर्ग/दिव्यांग (पीडी) उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख से पहले प्रवेश पॉर्टल में उपलब्ध फॉमेट के अनुसार संगत प्रमाण पत्र अपलॉड करना होगा। **सामान्य -ईडब्ल्यूएस/ओबीसी-एनसीएल उम्मीदवारों को संस्थान में रिपोर्टिंग के दौरान 01/04/2023 को या उसके बाद जारी अद्यतन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा ।**
7. **सामान्य -ईडब्ल्यूएस/ओबीसी-एनसीएल / अ. जा. / अ. ज. जा. / दिव्यांग व्यक्ति (पी डी) के मामले में ऑनलाइन द्वारा ऊपर बताए गए प्रमाण की प्राप्ति के बाद ही आवेदनों का संसाधन किया जाएगा। दूसरे शब्दों में, ऑनलाईन द्वारा प्रमाण प्रस्तुत न करने पर आवेदन रद्द किया जाएगा ।**
8. अ. जा. / अ. ज. जा. / अ. पि. व. /आर्थिक रूप से पिछडे वर्ग / दिव्यांग व्यक्ति (पी डी) के सीटों का आरक्षण भारत सरकार के आदेशों के अनुसार लागू होगा।
9. अनुसूचित जनजाति के सीटें यदि रिक्त हो तो उसे अनुसूचित जाति वर्ग के उम्मीदवारों से भरा जाएगा।
10. **सामान्य, अन्य पिछडे वर्ग एवं आर्थिक रूप से पिछडे वर्ग के पुरुष उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क तीन वरीयताओं तक (विभाग के भीतर या सभी विभागों को मिलाकर) रुपये 600/- है और अनु. जा., अनु. ज. जा., दिव्यांग, महिला उम्मीदवारों के लिए रुपये 300/- है। चार से अधिकतम पांच वरीयताओं तक (विभाग के भीतर या सभी विभागों को मिलाकर) सामान्य, अन्य पिछडे वर्ग के एवं आर्थिक रूप से पिछडे वर्ग के पुरुष उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क रुपये 1,200/- है और अनु. जा, अनु. ज. जा., दिव्यांग, महिला उम्मीदवारों के लिए रुपये 600/-है।**
11. **आवेदन शुल्क का भुगतान केवल ऑनलाइन माध्यम से ही करना होगा। पंजीकरण एवं आवेदन शुल्क का भुगतान करने की अंतिम तिथि 02.05.2023 है।**
12. **आवेदन शुल्क प्रतिदेय नहीं है।**
13. **वांतरिक्ष इंजीनियरी, एविओनिकी, रसायन, गणित, भौतिकी विभाग तथा भू सूचना विज्ञान द्वारा प्रदत्त एम.टेक कार्यक्रमों में, उम्मीदवारों की रैंक सूची केवल वैध गेट स्कोर के आधार पर तैयार की**

**जाएगी। रैंक सूची एवं उपलब्ध रिक्तियों की संख्या और उम्मीदवार की वरीयता के आधार पर प्रवेश सूची तैयार की जाएगी।**

14. पृथ्वी एवं अंतरिक्ष विज्ञान विभाग द्वारा प्रदत्त एम.टेक. पृथ्वी तंत्र विज्ञान / खगोल विज्ञान एवं खगोल भौतिकी में विज्ञान निष्णात कार्यक्रमों के ऑनलाइन रूप से साक्षात्कार के लिए लघु सूची गेट / जेस्ट स्कोर के आधार पर तैयार की जाएगी। एम.टेक/विज्ञान निष्णात कार्यक्रमों के लघुसूचित उम्मीदवारों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे ऑनलाइन साक्षात्कार में उपस्थित हो जाए। ऑनलाइन साक्षात्कार के लिए उन कार्यक्रमों के लघुसूचित उम्मीदवारों की सूची आईआईएसटी वेबसाइट में 16 मई **2023*** को प्रदर्शित की जाएगी। लघुसूचित उम्मीदवार वेबसाइट से अपना ऑनलाइन साक्षात्कार कॉल लेटर डॉउनलोड करें ।
15. **साक्षात्कार वीडियो वार्तालापन के माध्यम से आयोजित किया जाएगा।**
16. अनंतिम प्रवेश सूची गेट स्कोर, साक्षात्कार स्कोर, रिक्तियों की संख्या एवं उम्मीदवार की वरीयताओं के आधार पर तैयार की जाएगी।
17. अनंतिम प्रवेश सूची प्रकाशित होने के बाद, उम्मीदवार को निर्धारित तिथि के अंदर ऑनलाइन (E- Pay के माध्यम से अपनी सीट स्वीकृति शुल्क रुपये 14,200/- प्रेषित करना होगा।
18. अगर अनंतिम प्रवेश सूची के उम्मीदवार निर्धारित तिथि के अंदर शुल्क प्रेषित कर नहीं पाए तो, सीट रैंक/प्रतीक्षा सूची के अगले उम्मीदवार को आबंटित की जाएगी।
19. **रैंक सूची के सभी उम्मीदवारों को आगे के आबंटन पर विचार करने लिए तालिका - 2 में दिए गए विनिर्दिष्ट तारीख के अनुसार वेब पॉटल के "Revalidate and proceed" विकल्प चुनते हुए अपनी सहमति की पुष्टि करनी होगी।**
20. **जो उम्मीदवार विनिर्दिष्ट तारीख को** Revalidate **विकल्प चुनते हुए अपनी सहमति की पुष्टि नहीं करते हैं , उन्हें भविष्य में होने वाली रिक्तियों पर या उच्चतर वरीयता की शाखा में किसी परिवर्तन के लिए विचार नहीं किया जाएगा। (फिर भी मौजूदा आवंटन बरकरार रखा जाएगा अगर वे अपना शुल्क का भुगतान करें)**
21. आवेदन प्रस्तुत करने के बाद उम्मीदवार द्वारा दी गई वरीयता के क्रम को बदला नहीं जा सकता । फिर भी, उम्मीदवार उस आबंटित कार्यक्रम से अपना नाम हटा सकते हैं।
22. यदि सीट रिक्त है तो विशेष दौर में निम्नतर वरीयता की शाखा के लिए आवंटित उम्मीदवार को बाद के दौर में उच्चतर वरीयता की शाखा में स्वचालित रूप से एक सीट आवंटित की जाएगी। यदि उम्मीदवार वर्तमान आबंटन को Freeze करना चाहते हैं तो वे उन उच्चतर वरीयताओं से अपना नाम हटा सकते हैं जिन्हें वर्तमान में आबंटित नहीं किया गया है ।
23. अगर उम्मीदवार का सीट पक्का है और शुल्क का भुगतान करने के बाद कक्षा के शूरू होने से पहले वापस जाना चाहते हैं, तो वे academics@iist.ac.in को अनुरोध भेजे। शुल्क यूजीसी दिशा निर्देशों के अनुसार वापस किया जाएगा।
24. शैक्षिक वर्ष 2022-23 में जो उम्मीदवार स्नातक कार्यक्रम पूरा करने की उम्मीद रखते हैं, उनको अनंतिम / उपाधि प्रमाण पत्र के साथ समेकित अंक तालिका / सभी सत्रकों की अंक तालिका अक्तूबर 31, 2023 को या उससे पहले प्रस्तुत करना होगा। उपाधि प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की तारीख तक प्रवेश अनंतिम माना जाएगा और जिन छात्रों ने अपना उपाधि प्रमाण पत्र / सत्यापन प्रमाण पत्र / स्नातक प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया है, वे छात्रवृति के लिए पात्र नहीं होंगे। साथ ही, जो छात्र अक्तूबर 31, 2023

को 17.00 घंटे तक अपना उपाधि प्रमाण पत्र / स्थानांतरण प्रमाणपत्र / अनंतिम प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करते हैं, उनको अयोग्य माना जाएगा और ऐसे छात्र आईआईएसटी में आगे पढ़ाई जारी रखने के लिए पात्र नहीं होंगे। अक्तूबर 31, 2023 को या उससे पहले प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही, छात्रवृत्ति दी जाएगी। यह छात्रवृत्ति, कक्षा प्रारंभ होने की तारीख या पाठ्यक्रम में प्रवेश करने की तारीख में जो भी पहले हो, उस तारीख से प्रभावी होगी।

25. जिन छात्रों ने 2022-23 से पहले अपना स्नातक कार्यक्रम पूरा किया है, उन्हें प्रवेश के समय सभी मूल प्रमाणपत्र और टीसी प्रस्तुत करनी होगी ।
26. **जिन एम. टेक. छात्रों के पास वैध गेट स्कोर है, वे एआईसीटीई के माध्यम से छात्रवृत्ति प्राप्त करेंगे ।**
27. जिन छात्रों को विज्ञान निष्णात कार्यक्रम के लिए प्रवेश दिया जाता है, उनकी छात्रवृत्ति आईआईएसटी द्वारा दी जाएगी।
28. जो उम्मीदवार सरकारी/ अर्ध सरकारी/ सार्वजनिक उपक्रम/ स्वायत्त निकाय / आदि में नियुक्त हैं, उनको साक्षात्कार के समय "अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.)" प्रस्तुत करना होगा । जो उम्मीदवार कार्यरत हैं और ऐसी शाखाओं में आवेदन करते हैं जहां कोई साक्षात्कार नहीं है, उनको प्रवेश के समय एन.ओ.सी. प्रस्तुत करना होगा
29. एम. टेक/विज्ञान निष्णात छात्रों को आवश्यकतानुसार अपने विभाग के शैक्षिक कार्यक्रमों में मदद करनी होगी।
30. **यूजीसी दिशानिर्देशों के आधार पर शुल्क वापस किया जाएगा**
31. जिन छात्रों को चयन किया जाता है, उन्हें तालिका 1 में दिए गए विनिर्दिष्ट तारीख को पाठ्यक्रम में प्रवेश करना होगा। इन छात्रों के लिए कक्षाएं शुरू होने की तारीख भी तालिका 1 में दी गई है।

| **तालिका 1: महत्वपूर्ण तारीखें** | | |
|---|---|---|
| **क्र.सं** | **घटना** | तारीख |
| 1. | आवेदनों के ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण के लिए आईआईएसटी वेबसाइट खुलने की तारीख | अप्रैल 06, 2023 - 1000 घंटे (गुरुवार) |
| 2. | आवेदनों के ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण समाप्त होने की तारीख | मई 02, 2023 – 2359 घंटे (मंगलवार) |
| 3. | जिन शाखाओं में ऑनलाइन साक्षात्कार एवं गेट स्कोर दोनों हैं, उन शाखाओं के लघुसूचित उम्मीदवारों की सूची प्रदर्शित करने की तारीख | मई 16, 2023 (मंगलवार) |
| 4. | जिन उम्मीदवारों की चयन प्रक्रिया गेट स्कोर के आधार पर हैं,उनकी लघुसूची का प्रदर्शन | मई 17, 2023 (बुधवार) |
| 5. | प्रथम आबंटन के लिए शुल्क का भुगतान | मई 19, 2023 से |
| 6. | पृथ्वी तंत्र विज्ञान में एम. टेक. एवं खगोल विज्ञान एवं खगोल भौतिकी में विज्ञान निष्णात के लिए उम्मीदवारों का साक्षात्कार | मई 23-26, 2023 |

| | | |
|---|---|---|
| 7. | पृथ्वी तंत्र विज्ञान में एम. टेक. एवं खगोल विज्ञान एवं खगोल भौतिकी में विज्ञान निष्णात की रैंक सूची का प्रदर्शन | जून 06, 2023 (मंगलवार) |
| 8. | संस्थान में रिपोर्ट करने की तारीख | जुलाई 29, 2023 (शनिवार) |
| 9. | सभी स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिए कक्षाएँ शुरु होने की तारीख | जुलाई 31, 2023 (सोमवार) |
| 10. | स्नातकोत्तर प्रवेश के लिए अंतिम आबंटन | अगस्त 11, 2023 (शुक्रवार) |
| 11. | स्नातकोत्तर प्रवेश समाप्त होने की तारीख | अगस्त 14, 2023 (सोमवार) |

**उम्मीदवारों को अनुदेश**

1. ऑनलाइन आवेदन http://admission.iist.ac.in के माध्यम से भेज सकते हैं। आवेदन भरने से पहले सभी अनुदेश ध्यानपूर्वक पढें।
2. चरण 1: नया उपयोगकर्ता पंजीकरण - आवेदक को पहले नाम, वैध ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर और एक नए पासवर्ड के साथ पंजीकरण करना होगा जिसका उपयोग प्रवेश पोर्टल पर आगे लॉगिन करने के लिए किया जाएगा। सफल यूसर क्रियेशन पर आपको एक वैध पंजीकरण संख्या प्राप्त होगी। पंजीकरण प्रक्रिया को पूरा करने के लिए कृपया इस पंजीकरण संख्या और नए पासवर्ड का उपयोग करें ।
3. चरण 2: प्रोफाइल पंजीकरण - उपरोक्त पंजीकरण संख्या और पासवर्ड का उपयोग करके लॉगिन करें। अनुदेश पढ़ें और प्रोफ़ाइल पंजीकरण के लिए आगे बढ़ने हेतु **कंटीन्यू पर** क्लिक करें। कृपया प्रत्येक टैब में सही जानकारी दर्ज करें तथा **फिनिश** और उसके बाद **कन्फर्म** बटन पर क्लिक करें। आप अपने डेटा को अस्थायी रूप से सुरक्षित रखने के लिए **सेव अस ड्राफ़्ट बटन** का उपयोग कर सकते हैं । शाखा पंजीकरण सेव करने तक प्रोफ़ाइल को संशोधित किया जा सकता है।
4. चरण 3: शाखा पंजीकरण - शाखाओं को देखने के लिए लॉगिन करें और विभिन्न कार्यक्रमों के लिए वरीयता निर्धारित करें। इसके अतिरिक्त, आप जिन कार्यक्रमों की योग्यता उपाधि / समतुल्य उपाधि रखते हो, उन कार्यक्रमों (शाखाओं) के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए "अन्य कार्यक्रमों" के तहत उपयुक्त कार्यक्रमों का चयन करें । आवेदन की अंतिम तिथि के बाद आपकी पात्रता का अंतिम निर्णय संबंधित विभाग द्वारा किया जाएगा। शाखाओं का चयन करें और सब्मिट करें, एक शुल्क पंजीकरण संख्या जनित की जाएगी ।
5. चरण 4: पंजीकरण शुल्क का भुगतान करें: पंजीकरण संख्या के साथ आप E - Pay के माध्यम से आवेदन शुल्क का भुगतान कर सकते हैं।
6. सभी स्नातकोत्तर कार्यक्रमों की लघु सूची / रैंक सूची **16.05.2023** को प्रकाशित की जाएगी। वांतरिक्ष इंजीनियरी, रसायन, भौतिकी, गणित, एविओनिकी विभाग एवं भू सूचना विज्ञान में

एम. टेक. के  लघु सूचित उम्मीदवारों को प्रवेश केवल गेट स्कोर के आधार पर दिया जाएगा। लोगिन आईडी एवं पासवर्ड का उपयोग करके, उम्मीदवार ऑनलाइन वेब पोर्टल द्वारा अपनी सीटों की पुष्टि कर सकते हैं। सीट की पुष्टि करने हेतु E - Pay द्वारा प्रथम सीट स्वीकृति शुल्क प्रेषित करना होगा।

7. **यदि रिक्तियां हों तो, नई आबंटन सूची तैयार करके आईआईएसटी वेबसाइट में हर सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को** 1700 **घंटे तैयार करके अद्यतित की जाएगी। जिन उम्मीदवारों का नाम आबंटन सूची में है, उन्हें कार्यक्रम में और आबंटित शाखा में अपनी उम्मीदवारी की पुष्टि करने हेतु हर बुधवार, शुक्रवार एवं सोमवार को** 11.00 **घंटे से पहले विनिर्दिष्ट शुल्क प्रेषित करना होगा। ऊपर उल्लिखित अनुसूची में यदि कोई परिवर्तन हो तो उसकी सूचना वेबसाइट में दी जाएगी।**
8. **उम्मीदवार के उच्चतम वरीयता का आबंटन होने पर यदि उसने विनिर्दिष्ट समय के अंदर शुल्क प्रेषित करने में चूक की तो उसकी उम्मीदवारी रद्द की जाएगी।**
9. **यदि उम्मीदवार को अपनी निम्नतर वरीयता आबंटित करने पर उसने शुल्क प्रेषित नहीं की तो उसकी उच्चतर वरीयताओं पर विचार किया जाएगा। बशर्ते,वे तालिका 2 के अनुसार** 'Revalidate and Proceed' **विकल्प चुनें।**
10. **उम्मीदवार अपने वेब पोर्टल में लॉगिन कर सकते हैं और वे आबंटित कार्यक्रमों से अपना नाम हटा सकते हैं। वरीयताओं की क्रम में परिर्वतन नहीं किया जा सकता है।**
11. **सभी उम्मीदवारों को बाद में होने वाले रिक्ति भरने के दौर में तभी विचार किया जाएगा यदि वे तालिका 2 में दी गई विनिर्दिष्ट तारीखों के भीतर वेब पोर्टल के** 'REVALIDATE AND PROCEED' **विकल्प चुनें।**

**तालिका 2: पुनः विधिमान्यकरण तारीख**

| | |
|---|---|
| उम्मीद्वारी का पुनः विधिमान्यकरण राऊण्ड-1 | जून 02 (1700 घंटे) - 05 (1100 घंटे), 2023 |
| उम्मीद्वारी का पुनः विधिमान्यकरण राऊण्ड-2 | जुलाई 07 (1700 घंटे) – 10 (1100 घंटे), 2023 |
| उम्मीद्वारी का पुनः विधिमान्यकरण राऊण्ड-3 | जुलाई 28 (1700 घंटे) – 31 (1100 घंटे), 2023 |